के० के० पाठक, भा.प्र.से.
अपर सदस्य,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना ।
दूरभाष :- 0612-2230441 (का०)

सत्यमेव जयते
बिहार सरकार

*K. K. Pathak, IAS*
**Additional Member,**
**Board of Revenue, Bihar, Patna.**
**Ph. : 0612-2230441 (O)**
**Fax : 0612-2215254**
**E-mail : boardofrevenue@gmail.com**

पत्रांक- सं0सं0-2/परी0-01 राज0-11/2017-1824 (अनु0)

प्रेषक,

के0के0 पाठक, भा.प्र.से.
अपर सदस्य

सेवा में,

प्रधान सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना

पटना, दिनांक:- 12-07-2017

विषयः- केन्द्रीय परीक्षा समिति राजस्व पर्षद, बिहार द्वारा आयोजित होने वाली विभागीय परीक्षाओं के विषयों एवं पाठ्यक्रमों के संशोधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि केन्द्रीय परीक्षा समिति ने यह प्रस्ताव किया है कि विभिन्न राजपत्रित/अराजपत्रित सेवाओं के पदाधिकारियों/कर्मचारियों के विभागीय परीक्षाओं के विषय एवं पाट्यक्रमों को update किया जाए ताकि वर्तमान समय के प्रशासनिक चुनौतियों को देखते हुए तथा नए अधिनियमों/नियमों एवं नियमावलियों के आने के पश्चात् विभागीय परीक्षाओं को और प्रासंगिक बनाया जाए।

उक्त कारणों को देखते हुए एक प्रस्ताव तैयार किया गया था एवं इस कार्यालय के पत्रांक 852 दिनांक 29.03.2017 के माध्यम से प्रस्तावित पाठ्यक्रम पूर्व में सभी संबंधित विभागों को भेजा गया था किन्तु किसी विभाग से विभागीय परीक्षाओं के पाठ्यक्रमों के पुनरीक्षण के संबंध में कोई मंतव्य प्राप्त नहीं हुआ।

पुनः, प्रस्तावित पाट्यक्रम संबंधी अधिसूचना प्रारूप तथा संलेख प्रारूप संलग्न करते हुए अनुरोध है कि इस पर अपना विभागीय मंतव्य अतिशीघ्र अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाए ताकि प्राप्त मंतव्य के आलोक में प्रस्तावित पाठ्यक्रम में उचित संशोधन किया जा सकें। प्रस्तावित अधिसूचना प्रारूप पर, यदि आप उचित समझें, तो संबंधित सेवा संघो से भी विमर्श कर सकते है।

प्रस्तावित अधिसूचना की कंडिका 8 की ओर विशेष रूप से आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुरोध करना है कि उक्त संबंध में भी विभागीय मंतव्य उपल्बध कराया जाए। इस संबंध में कोई बेहतर alternate समाधान हो तो उससे भी राजस्व पर्षद को लाभांवित करने की कृपा करें।

इस क्रम में अनुरोध है कि राजस्व पर्षद द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम पर एक Presentation दिनांक 26.07.2017 को 11:00 **बजे मुख्य सचिवालय के सभागार में** माननीय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एवं माननीय अध्यक्ष, राजस्व पर्षद की सह-अध्यक्षता में किया जाएगा जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थित है।

अनुरोध है कि उक्त Presentation में प्रस्तावित अधिसूचना पर अपने विभागीय मंतव्य के साथ भाग लेने की कृपा करेंगें।

विश्वासभाजन

12/7/17
(के0के0 पाठक)
अपर सदस्य